दिए गए केस स्टडी को ध्यानपूर्वक पढ़े और प्रश्नों के सही विकल्प चुने:

"आजकल बड़ी संख्या में बच्चे प्राइवेट व सरकारी बसों से विद्यालय जाते हैं। इससे बच्चों के माता-पिता को काफी सुविधा रहती है। वे बिना अधिक परिश्रम किए विद्यालय पहुँच जाते हैं। बच्चे स्कूल बस के समय के अनुसार प्रातः जल्दी उठकर नहा कर तैयार हो जाते हैं। नाश्ता करने के बाद स्कूल की बस पकड़ने के लिए बस स्टॉप पर पहुँच जाते हैं। विद्यालय पहुँचने पर बच्चे बस से उतरते हुए अपना समान स्वयं ले जाते हैं। अपने काम को स्वयं करने के कारण वे जिम्मेदारियों को समझते हैं।"

i) बड़ी संख्या में बच्चे किस साधन द्वारा विद्यालय जाते हैं?

(a) बस द्वारा

(b) साइकिल द्वारा

(c) कार द्वारा

(d) प्लेन द्वारा

ii) बस से उतरते हुए बच्चे अपना सामान किस प्रकार ले जाते हैं?

(a) लापरवाहीपूर्वक

(b) कुशलतापूर्वक

(c) सावधानीपूर्वक

(d) खुशीपूर्वक

iii) स्वयं काम करने के कारण कौन अपनी जिम्मेदारी को समझने लगते हैं?

(a) माता - पिता

(b) बच्चे

(c) शिक्षक

(d) कर्मचारी

iv) बस पकड़ने के लिए कहाँ पर जाना पड़ता है?

(a) एयरपोर्ट

(b) रेल स्टेशन

(c) बस स्टॉप

(d) साइकिल स्टैंड

Edit with WPS Office

v) बच्चे बिना __________ परिश्रम किए विद्यालय पहुँच जाते हैं?

(a) कम

(b) अधिक

(c) ज़्यादा

(d) कोई

vi) किस के बाद आप स्कूल के लिए जाते हो?

(a) नाश्ता करने के बाद।

(b) दोपहर के भोजन करने के बाद।

(c) रात के भोजन करने के बाद।

(d) नहाने के बाद।

vii) 'उतरते' शब्द का विपरीत शब्द है -

(a) गिरते

(b) रोते

(c) चलते

(d) चढ़ते

viii) 'बच्चे' शब्द का एकवचन है -

(a) बच्चों

(b) बच्चा

(ग) बच्चियाँ

(घ) बालक

Edit with WPS Office